दिन—मंगलवार दिनांक— 13 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— प्रातः 08.48 बजे से। अवधि— 15 मिनट

---

01. उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए जारी राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क में बिहार के कई संस्थान शामिल। आइआइटी, पटना देशभर में चौंतीसवें स्थान पर।

02. नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों और राज्य में हो रही भारी बारिश के कारण प्रदेश की अधिकांश नदियां खतरे के निशान के पार। जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिये।

03. केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने निजी टेलीविजन चैनलों को आपदाओं के वीडियो तारीख और समय के साथ दिखाने का परामर्श जारी किया।

04. और, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा— प्रदेश में सात सौ सत्तर दंत चिकित्सकों समेत पैंतालीस हजार से अधिक स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति की जाएगी।

---

समग्र श्रेणी में उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क दो हजार चौबीस में बिहार के शिक्षण संस्थानों ने बेहतर स्थान प्राप्त किया है। सूची में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, आईआईटी पटना को चौंतीसवां और एनआईटी, पटना को पचपनवां स्थान मिला है। प्रबंधन वर्ग में बोधगया स्थित आईआईएम को पैंतीसवां और विधि वर्ग में चाणक्य नेशनल लॉ विश्वविद्यालय को तीसवां स्थान प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही सूची में पटना एम्स को छब्बीसवां स्थान मिला है। कृषि क्षेत्र में डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद सेंट्रल एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय, पूसा ने उनतीसवां स्थान हांसिल किया है। वहीं, पटना विमेन्स कॉलेज ने भी इस सूची में शीर्ष तीन सौ महाविद्यालयों में अपना स्थान बनाया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कल नई दिल्ली में ये रैंकिंग जारी की।

———बाईट———

अभी तक इसको मिलाके 9 एडिशन की एनआईआरएफ की रैंकिंग हुई है। 16 कैटेगरी में इस बार रैंकिंग किया गया। तीन नये कैटेगरी को इस बार जोडा भी गया है। आने वाले दिनों में रैंकिंग बहुआयामी हो उसको भी ध्यान रखा जायेगा। जो एक्रीडेशन प्रोसेस है उसमें भी काफी रिफार्म किया गया है काफी उसको ट्रांसपैरेन्ट्स किया गया है।

इस सूची में देश के अंठावन हजार से अधिक शिक्षण संस्थानों में से छह हजार पांच सौ संस्थान शामिल किये गये हैं। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास ने शीर्ष स्थान

प्राप्त किया है। भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलुरु दूसरे स्थान पर और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बंबई तीसरे स्थान पर है।

---

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र और उत्तर बिहार के मैदानी इलाकें में भारी वर्षा के कारण गंगा, गंडक, बूढी गंडक, बागमती, महानंदा और कोसी समेत कई नदियों के जलस्तर में लगातार वृद्धि जारी है। इन सभी नदियों का जलस्तर कई स्थानों पर खतरे के निशान को पार कर गया है। वैशाली जिले के लालगंज और मुजफ्फरपुर के रेवाघाट में गंडक नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। नदी गोपालगंज के डुमरियाघाट में लाल निशान से बाईस सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर पटना के दीघा घाट में तेईस सेंटीमीटर, गांधी घाट में बयासी सेंटीमीटर और हाथीदह में लाल निशान से चौंसठ सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया है। जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने संबंधित अधिकारियों को खतरनाक घाटों को चिन्हित कर वहां लाल कपड़ा लगाने के निर्देश दिये हैं। भागलपुर के कहलगांव में भी गंगा नदी खतरे के निशान से उनतालीस सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। गंगा नदी में उफान के कारण भागलपुर के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी तेजी से फैल रहा है।

———बाईट——

भागलपुर जिले के नाथनगर में गंगा नदी प्रखंड अंतर्गत रत्तीपुर बैरिया, अजमेरीपुर, शंकरपुर बिंद टोली, सहित आसपास के निचले इलाकों में फैल रहा है। वहीं सबौर, कहलगांव के दियारा वाले इलाके में भी बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो गया है। लोग बाढ़ के संभावित खतरे को लेकर ऊंचे स्थानों पर शरण ले रहे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

इधर, बक्सर में गंगा नदी का जलस्तर घटने से लोग राहत महसूस कर रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ से जुडी बीमारियों की आशंका को देखते हुये विशेष सतकर्ता बरती जा रही है। जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने कहा है कि पानी निकलने के बाद दियारा इलाकों में होने वाली बीमारियों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट किया गया है। बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव का भी निर्देश दिया गया है। इधर, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए सभी स्थानों पर अधिकारियों को सतर्क रहने और आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहने के निर्देश दिये गये हैं। इधर, बूढ़ी गंडक नदी का जलस्तर खगड़िया में खतरे के निशान से पचहत्तर सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गया है। कमला बलान नदी मधुबनी के झंझारपुर में खतरे के निशान के आस–पास बह रही है। बागमती नदी का जलस्तर सीतामढ़ी के रून्नीसैदपुर और मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में खतरे के निशान को पार कर गया है। कोसी नदी

खगड़िया के बलतारा में लाल निशान से एक सौ पच्चीस सेंटीमीटर तथा कटिहार के कुर्सेला में इकहत्तर सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। परमान नदी का जलस्तर अररिया में खतरे के निशान से बत्तीस सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया है।

सुपौल में कटाव के कारण कई गांव कोसी नदी में समा गये हैं। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

जिले के किशनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मौजहा पंचायत में अब तक 200 से अधिक घर कटाव के वजह से कोसी नदी में समा चुके हैं। जबकि जिले के पांच प्रखंड सुपौल सदर, किशनपुर, सरायगढ़–भपटियाही, मरौना और निर्मली में हजारों एकड़ में लगी फसल भी बाढ़ के पानी में जलमग्न होकर खराब हो चुकी हैं। इसी बीच, कोसी बराज से 2 लाख 9 हजार 965 क्यूसेक पानी बढ़ते क्रम में छोड़ा गया है। वहीं, नेपाल के जल अधिग्रहण क्षेत्र बराह से एक लाख 49 हजार 75 क्यूसेक पानी  छोड़ा गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए सुपौल से रविशंकर चौधरी।

खगड़िया में बाढ़ प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। हमारे संवाददाता ने खबर दी है कि जिला प्रशासन नदी के जलस्तर पर निगरानी रख रहा है।

–––बाईट–––

बाढ से घिरे गांवों तक आवागमन को लेकर नाव का परिचालन कराने के भी निर्देश दिए हैं। गोगरी की अनुमंडल पदाधिकारी सुनंदा कुमारी ने बताया कि फिलहाल जिले के सारे तटबंध सुरक्षित हैं और नदी के बढ़ते जलस्तर पर निगरानी रखी जा रही है। गंगा के जलस्तर में हुई बढ़ोतरी से गंडक नदी के जलस्तर में भी बढ़ोतरी हुई है, जिस कारण खगड़िया प्रखंड के कई तटवर्ती गांव से सटे दियारा इलाके पानी से घिर गए हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए खगड़िया से प्रभात सुमन।

---

पूरे प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता बनी हुयी है। मौसम विभाग ने आज गोपालगंज, सीवान, कैमूर, बक्सर और रोहतास में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, पटना समेत शेष स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है। विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों के दौरान तापमान में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि इस अवधि में राज्य के उत्तर और दक्षिण–पूर्व भागों में कुछ स्थानों पर मेघ गर्जन और वज्रपात की भी आशंका है।

–––बाईट–––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान कटिहार, सीतामढ़ी और नवादा जिले में एक दो स्थानों पर भारी बारिश दर्ज की गयी। कटिहार के कुर्सेला में सबसे अधिक चौरासी दशमलव छह मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी।

---

केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सभी निजी सैटेलाईट टेलीविजन चैनलों को परामर्श जारी कर कहा है कि वे आपदाओं और दुर्घटनाओं के वीडियो तारीख और समय के साथ दिखाएं। परामर्श में कहा गया है कि जब भी कोई प्राकृतिक आपदा आती है तब टेलीविजन चैनल कई दिनों तक लगातार ये खबरें दिखाते हैं, लेकिन बार–बार दुर्धटना के दिन के दृश्य ही दिखाते रहते हैं। इसमें यह भी कहा गया है कि इससे अनावश्यक रूप से भ्रम की स्थिति पैदा होती है और दर्शकों में घबराहट होने लगती है। टेलीविजन चैनलों को यह सुनिश्चित करने की भी सलाह दी गई है कि वे दृश्यों को दिखाते हुए सबसे ऊपर तारीख और समय का उल्लेख करें ताकि दर्शकों को किसी भी तरह की गलतफहमी न हो सके।

---

पीएम–सूर्य घर–मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत देश के प्रत्येक जिले में एक आदर्श सौर ग्राम बनाया जाएगा। केन्द्र सरकार ने इस योजना के अंतर्गत आदर्श सौर ग्राम योजना के कार्यान्वयन के लिए दिशा–निर्देश जारी किया है। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार इसके लिए कुल आठ सौ करोड़ रुपये आवंटित किए गये हैं। इस योजना के अंतर्गत गांव की आबादी पांच हजार और विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए दो हजार से अधिक होनी चाहिए। इसके साथ ही प्रत्येक जिले के सबसे अधिक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता वाले विजेता गांव को एक करोड़ रुपये का केंद्रीय वित्तीय सहायता अनुदान मिलेगा। इस वर्ष फरवरी में, सरकार ने सौर छत क्षमता की हिस्सेदारी बढ़ाने और आवासीय परिवारों को बिजली पैदा करने के लिए सशक्त बनाने के उद्देश्य से इस योजना को स्वीकृति दी है।

---

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि प्रदेश में सात सौ सत्तर नए दंत चिकित्सकों की नियुक्ति की जाएगी। श्री पांडेय ने पटना के स्वास्थ्य भवन में एक समारोह में बावन औषधि निरीक्षकों और दस दंत चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र देने के बाद यह घोषणा की। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन नियुक्तियों के बाद प्रदेश में कुल औषधि निरीक्षकों की संख्या एक सौ चालीस हो गई है, जो देशभर में सर्वाधिक है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग पैंतालीस हजार से अधिक रिक्त पदों पर बहाली की प्रक्रिया जल्द शुरू करेगा।

---

सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में राज्य सरकार ने तांती और तंतवा जाति को फिर से अत्यंत पिछड़ा वर्ग में शामिल कर लिया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। इसके अनुसार तांती–तंतवा जाति को अंत्यंत पिछड़ा वर्ग के क्रमांक तैंतीस पर दोबारा शामिल कर लिया गया है।

---

जहानाबाद के मखदुमपुर प्रखंड के वाणावर स्थित सिद्धेश्वरनाथ मंदिर में कल हुई भगदड़ की घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर आठ हो गयी है। इस हादसे में सोलह लोग घायल हो हुए हैं। वहीं, जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने बताया कि कल गंभीर रूप से घायल एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गयी। पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह ने कहा कि ग्यारह अगस्त की रात लगभग एक बजे स्थानीय विक्रेताओं और श्रद्धालुओं के बीच किसी मुद्दे पर विवाद के बाद यह हादसा हुआ था।

---

उत्तर बिहार को जोड़ने वाले राजेन्द्र सेतु के सड़क मार्ग के स्लैब की ढलाई के कारण आज रात दस बजे से कल सुबह छह बजे तक पूरी तरह से बंद रहेगा। इस दौरान आपात सेवाओं को छोड़कर आम वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी।

---

अरवल जिले में युवा खेल और संस्कृति विभाग तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में हर घर तिरंगा सप्ताह के तहत तिरंगा यात्रा निकाली गयी।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब बिहार से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – राज्य में वक्फ संपत्तियों की अवैध खरीद–बिक्री की जांच होगी।

**दैनिक जागरण** ने पटना उच्च न्यायालय के हवाले से लिखा है – साक्ष्य के बगैर किसी कर्मी को दोषी नहीं ठहरा सकते।

**दैनिक भास्कर** ने बांग्लादेश के राजनीतिक मामले को बड़ी खबर बनाया है– अखबार लिखता है– बांग्लादेश के गृह मंत्री बोले–भारत हमारा पड़ोसी, मदद करे, दखल न दे।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए जारी राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क में बिहार के कई संस्थान शामिल। आइआइटी, पटना देशभर में चौंतीसवें स्थान पर।

02. नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों और राज्य में हो रही भारी बारिश के कारण प्रदेश की अधिकांश नदियां खतरे के निशान के पार। जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिये।

03. केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने निजी टेलीविजन चैनलों को आपदाओं के वीडियो तारीख और समय के साथ दिखाने का परामर्श जारी किया।

04. और, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा – प्रदेश में सात सौ सत्तर दंत चिकित्सकों समेत पैंतालीस हजार से अधिक स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति की जाएगी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।